हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



## खबर संक्षेप



### अशांति फैलाने वालों को पुलिस ने सिखाया सबक

**बिलासपुर।** तालापारा में आपसी झगड़ा फसाद करते हुए मोहल्ले में अशांति फैलाने वाले 5 लोगों पर सिविल लाइन पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों के शामिल लोगों को सबक सिखाया है। सिविल लाइन पुलिस ने आपस में झगड़ा विवाद कर मोहल्ले में दहशत फैलाने के मामले में 5 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इस दौरान मगरपारा निवासी सूरज पाण्डेय पिता शेखर पाण्डेय उम्र 35 साल, मरार गली मगरपारा निवासी मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद बसीर उम्र 34 साल,रोहित पटेल पिता राजकुमार पटेल उम्र 24 साल, अनंत मेश्राम पिता अमर मेश्राम उम्र 24 साल,सोनू देवांगन पिता प्रताप देवांगन उम्र 22 साल पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

### तेज रफ्तार कार ने सरपंच की कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** ढेका सरपंच को शहर आना भारी पड़ गया। घर लौटते समय अनियंत्रित कार ने उनकी कार को ठोकर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं इस हादसे में सरपंच व उनके साथी बाल-बाल बच गए। पुलिस ने मामले में रिपार्ट दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार मनीष घोरे पिता स्व मेवालाल घोरे ढेका के सरपंच है। 22 अक्टूबर की शाम वे अपने दोस्तों के साथ गांधी चौक आए थे।रात 10 बजे अपने घर के लिए जा रहे थे, इस दौरान उनकी कार क्रमांक सीजी 10 बीएन 6677 को दयालबंद के शीतला मंदिर के पास कार क्रमांक सीजी 10 एफए 2351 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। इसके बाद चालक मौका देखकर भाग खड़ा हुआ हालांकि कार में बैठे लोगों को किसी तरह की चोट नहीं आई है लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

### जगराता देखने गए युवक की बाइक पार

**बिलासपुर।** मंगला धूरीपारा में जगराता देखने के लिए गए युवक की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी है। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। सिविल लाइन क्षेत्र के दीनदयाल कालोनी निवासी कृष्ण कुमार कश्यप पिता रामावतार कश्यप उम्र 44 वर्ष प्राइवेट कार्य करते है। 22 अक्टूबर को वे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एएन4570 में जगराता देखने धूरीपारा मोड गए थे। इस दौरान बाइक को लॉक कर जगराता देख रहे थे। करीब एक घंटे के बाद बाइक लेने के लिए पहुंचे लेकिन बाइक मौजूद नहीं थी। अज्ञात चोरों के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

### निगमकर्मी की एक्टिवा पार, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** रास्ते में बाइक रोककर प्रसाधन के लिए जाना निगम कर्मी को मंहगा पड़ गया। अज्ञात चोरों ने सड़क पर खड़ी बाइक को देखते-देखते चोरी कर ली है। मामला तारबहार थाने का है। पुलिस के अनुसार निखिल आश्रम बहतराई निवासी ज्ञान सिंह बोहत पिता स्व हरिचरण बोहत निगम कर्मी है। 21 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे अपने भांजा छोटू मोगरे के घर चुचुहियापारा गया था। रात 10.30 बजे लौट रहा था, प्रसाधन के लिए उसने स्टेशन के पास हल्दीराम कैटिन के समीप एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 7433 को खड़ी कर दिया। इस दौरान वापस लौटने तक एक्टीवा चोरी हो चुकी थी। निगमकर्मी ने तारबहार थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बरौनी एक फेरा लगाएगी स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** चर्लपल्ली एवं बरौनी के बीच छठ पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक फेरे के लिए किया जाएगा, जिसमें गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर के बीच स्टेशनों के यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी। यह गाड़ी 07093 चर्लपल्ली-बरौनी बनाकर 25 अक्टूबर को और विपरीत दिशा में 07094 बरौनी-चर्लपल्ली बनाकर 27 अक्टूबर को रवाना होगा। समय सारिणी के अनुसार ट्रेन चर्लपल्ली स्टेशन से ट्रेन 10.00 बजे रवाना होकर बल्लारशाह, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर होते हुए बिलासपुर 3.45 बजे से 3.55 तक के उपरांत झारसुगुड़ा, राउरकेला, रांची, धनबाद, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह जंक्शन होकर बरौनी 5.00 बजे और वापसी में बरौनी से 9.30 बजे रवाना होकर बिलासपुर 5.40 बजे होते हुए चर्लपल्ली 20.00 बजे पहुंचेगी।

## पृष्ठ 3 का शेष

### सहकारी समिति प्रबंधकों...

प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपना था। दूसरे चरण के तहत 28 अक्टूबर को प्रदेश स्तर में हुंकार रैली निकालकर मंत्रियों को ज्ञापन सौंपना तथा तृतीय चरण में 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तर पर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा तथा 12 नवंबर से कैबिनेट मंत्री मंडल के निर्णय तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। शुक्रवार को जिले में किए गए धरना प्रदर्शन के दौरान सभी 41 समितियों के प्रबंधक उपस्थित हुए। तानसेन चौक में धरना प्रदर्शन करने के साथ दोपहर 3 बजे रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां तहसीलदार सविता सिदार को ज्ञापन सौंपा गया।

## अग्रसेन भवन कटघोरा में चल रही है श्रीमद भावगत कथा

# जाको राखे साईंया मार सके ना कोय : आचार्य टंकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कथा सुनाते आचार्य टंकेश महाराज एवं कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

रामायण जायसवाल एवं जायसवाल परिवार कटघोरा के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा के प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक आचार्य पंडित टँकेश दुबे महाराज ने कथा के दूसरे दिन बताया कि महाभारत के कुरुक्षेत्र में चल रहे युद्ध में एक बार जब अशोद्धामा ने कौरव के साथ मिलकर पांडव के शयनकक्ष में चुपके से जाकर वहां सो रहे पांडव के पांच पुत्रों को पांडव समझकर उनके धड़ से उनके शिष को अलग कर देते है यह कृत्य करने पर सभी कौरव ठहाका लगाकर हंसते हैं उनकी हंसी सुनकर जब पांडव उस कक्ष में प्रवेश करते हैं व यह सब देख सभी काफी क्रोधित होते हैं मगर जब कौरव सभी पांडव को जीवित देखते हैं तब काफी अचंभित रह जाते हैं मगर फिर हंसते हुए अशोद्धामा कहते हैं कि हे पांडव तुम्हारी मृत्यु नही हुई तो क्या हुआ मैंने कम से कम तुम्हारे वंश का तो नाश कर दिया अब तुम्हारे वंश को आगे बढाने वाला कोई जीवित नही रहा तब यह सब देख गोविंद बोलते हैं कि जाको राखे साईंया मार सके ना कोय हे मूर्ख अशोद्धहामा पांडव के वंश को आगे बढाने वाला अभी भी सुभद्रा के कोख में जीवित है यह सुन अशोद्धामा ने ब्रम्हास्त्र को याद किया व सुभद्रा के कोख में पल रहे पुत्र के ऊपर प्रहार करते हैं जब ब्रम्हास्त्र सुभद्रा के गर्भ में लगता है तब उसे काफी पीड़ा होती है यह देख द्रोपदी गोविंद से कहती है कि हे गोविंद कुछ करो इस कोख में पल रहे बच्चे को बचाओ वरना अनर्थ हो जाएगा यह सुन गोविंद उस उत्तरा के गर्भ में गए ब्रम्हास्त्र को अपने ऊपर ले लेते हैं व उस कोख में पल रहे शिशु की रक्षा करते हैं और पहले ही उस बच्चे का नामकरण कर देते हैं जिसका नाम रखते हैं राजा परीक्षित ततपश्चात द्रोपदी गोविंद से अपने पुत्रो की नृशंस हत्या के आरोपियों को कड़ी सजा देने की बात कहति हैं तब गोविंद कहते हैं कि हे पांचाली इस युद्ध मे इन सभी कौरवो की मृत्यु तय है लेकिन अशोद्धामा तुमने ब्राम्हण होकर जो घृतय कार्य किया है उसके लिए मैं तुम्हे छमा नही करूँगा तुम जब तक प्रलय नही आ जाती तब तक तुम दुनिया मे भटकते रहोगे तुम्हारे शरीर मे कोढ़ हो जाएंगे तुम्हे देखकर मनुष्य घृणा करेंगे पत्थर मारेंगे तुम मृत्यु चाहोगे लेकिन तुम्हे मृत्यु भी नही आएगी यह सुन अशोद्धामा अपनी करनी पर बहुत पछतावा होता है इस अवसर पर परिवार के साँथ साँथ नगर के सभी श्रोताओं ने कथा का रसपान किया।

# तय लक्ष्यों के अनुसार समयबद्ध रूप से कार्य करें पूर्णः अजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने योजना के जमीनी स्तर पर लागू करने हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को योजना से आमजन को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य करने और तय लक्ष्यों के अनुसार समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस हेतु उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए कहा।

कलेक्टर अजीत वसंत ने निर्देश दिए कि जिले का डिसट्रिक्ट एक्शन प्लान शीघ्र तैयार किया जाए। कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन जैसे कृषक कल्याण से जुड़े विभाग जमीनी स्तर पर बेस लाइन सर्वे का कार्य गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग विलेज एक्शन प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने कृषि एवं जल संसाधन विभाग को छोटी-छोटी सिंचाई परियोजना को चिन्हांकित कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक विभाग 10-10 पात्र हितग्राहियों का चयन कर उन्हें बैंक से लोन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में नए एफपीओ का गठन कर उन्हें योजना से प्राथमिकता से लाभांवित करने के लिए कहा। साथ ही प्रत्येक ब्लॉक में चिंतन शिविर आयोजित किए जाएं ताकि योजना की प्रगति और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की जा सके। कलेक्टर ने जिले में कृषकों के फसल के सुरक्षित भंडारण हेतु स्टोरेज या कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विभागो को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिये कहा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को कृषक समृद्धि के निर्धारित सूचकांकों पर बेहतर प्रदर्शन हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

# उद्योग मंत्री ने सतनामी कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



शपथ ग्रहण समारोह में शामिल समिति के पदाधिकरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा सतनामी कल्याण समिति की बैठक सतनाम प्रांगण टीपी नगर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर.पी. खाण्डे के द्वारा विधिवत निष्पक्ष चुनाव कराया गया। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष पी नारायण लाल कुर्रे, उपाध्यक्ष श्रीमति सुनीता देवी पाटले, सचिव भी आर.डी. भारद्वाज, कोषाध्यक्ष मनोद मनहर कार्यकारिणी सदस्य, सचिव कुर्रे, त्रिवेन्द्र आदिले, वरूण घृतलहरे चुनाव जीत कर आये और मनोनीत उपाध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार डहरिया आदि की शपथ ग्रहण समारोह 21 अक्टूबर की शाम 4 बजे मुख्य अतिथि उद्योग लखनलाल देवांगन, अध्यक्षता एल.एल. कोशले, प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील छ.ग. सतनामी समाज, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, कार्यपालक निर्देशक सी.एस.पी.जी.सी.एल. एस. के. बंजारा, आर.पी. खाण्डे राष्ट्रीय अध्यक्ष सिष्टा एवं कोरबा सतनामी कल्याण समिति की मुख्य निर्वाचन अधिकारी यू.आर. महिलांगे, निवर्तमान अध्यक्ष कोरबा सतनामी कल्याण समिति, श्रीमती प्रेमलता बंजारे पार्षद वार्ड क. 15 आदि एवं समाज के समाननीय सदस्यों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। साथ ही डोम का भूमिपूजन लखन लाल देवांगन के करकमलों से संपन्न हुआ। साथ ही पूर्व पदाधिकारी का विधिवत विदाई समारोह भी किया गया। राज महंत संत दास दीवाकर के चौका मण्डली द्वारा चौका आरती व पूजा कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से 4 बजे के मध्य संपन्न कराया गया। पंथी नृथ्य का कार्यकम भी हुआ तदोपरांत समय शाम 7 बजे प्रीति भोज का आयोजन समिति के द्वारा किया गया। इस संपूर्ण कार्यकम के दौरान सतनामी समाज की एकता, संगठन और सामाजिक उत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक आयोजन माना जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग और गणमान्य उपस्थित हुए।

# चित्रांशजनों ने हर्षोल्लाष के साथ मनाया चित्रगुप्त पूजा समारोह





कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथिगण एवं मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा करते कायस्थ समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली पर्व के तीसरे दिन यम द्वितीया के पावन पर्व पर गुरूवार को कायस्थ समाज कोरबा द्वारा अपने अराध्य देव श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित चित्रांशजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चित्रांश परिवारों ने अपनी सहभागिता निभाई।

कृष्णानगर एसईसीएल स्थित समाज के चित्रगुप्त, शिव, हनुमान मंदिर परिसर में प्रातः 11 बजे भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रों के उच्चरण के साथ की गई। संध्या 6 बजे मंदिर परिसर में संध्या आरती का आयोजन किया गया, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कायस्थ महासभा कोरबा के अध्यक्ष गजेन्द्र श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ समाज के वरिष्ठ सदस्य एसएल माथुर, डीके कुदेसिया, मुकेश वर्मा, सुबोध श्रीवास्तव, डॉ.राजेश श्रीवास्तव, मिथलेश वर्मा, आकाश सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। देर रात तक चले इस आयोजन का संचालन कायस्थ समाज कोरबा के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन कायस्थ समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष राशि श्रीवास्तव एवं आरती श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं भारत विकास परिषद से जुड़े डीके कुदेसिया ने नेत्रदान एवं देहदान के महत्व को समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने अपील की कि भारत विकास परिषद के इस अभियान में कायस्थ समाज कोरबा के सदस्य बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। इस अवसर पर वर्ष 2025 में कायस्थ समाज कोरबा से जुड़ने वाले पांच चित्रांश परिवारों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि गजेन्द्र श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में समाज के संगठित रहने के महत्व को रेखांकित किया एवं इस सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में समाज के नन्हें मुन्ने बच्चों ने बड़ी संख्या में नृत्य, गीत, कविता की प्रस्तुति देकर उपस्थित चित्रांशजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शत्रुघन प्रसाद श्रीवास्तव, भारत प्रसाद, मनोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, राजेश वर्मा (अलख), दिनेश श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, श्रीमती हेमलता श्रीवास्तव, श्रीमती ममता श्रीवास्तव, श्रीमती अनिता श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चित्रांश परिवार के सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राजेश वर्मा (अलख) ने की।

### राकेश ने की नेत्रदान की घोषणा



कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं भारत विकास परिषद से जुड़े डीके कुदेसिया की नेत्रदान व देहदान की अपील से प्रेरित होकर समाज के वरिष्ठ सदस्य तुलसीनगर निवासी अजीत श्रीवास्तव के द्वितीय सुपुत्र राकेश श्रीवास्तव ने नेत्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने भारत विकास परिषद के साइड में जाकर इस हेतु फार्म जमा किया। कायस्थ समाज कोरबा ने मानव सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# रजत जयंती वर्ष पर किसान मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले में कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और आधुनिक तकनीकों के प्रसार के उद्देश्य से राजीव गांधी ऑडिटोरियम, टीपी नगर में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। यह मेला एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देना, नवीन कृषि तकनीकों से जोड़ना और टिकाऊ खेती की दिशा में प्रेरित करना रहा। मेले में जिले के पांचों विकासखण्डों से 503 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें कृषि उपकरण, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, पौध सामग्री, जैविक खाद एवं जैविक उत्पादों की जानकारी दी गई। किसानों ने इन स्टॉलों से नवीन तकनीकों के व्यावहारिक प्रयोगों को समझा और उन्हें अपने खेतों में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएँ चला रही है। उन्होंने कहा कि आज खेती केवल परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान का विषय बन चुकी है, इसलिए प्रत्येक किसान को नई तकनीकें अपनानी चाहिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ, जिससे उनकी आमदनी बढ़े और कृषि व्यवसाय को मजबूती मिले। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, नरेंद्र देवांगन, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# दस वर्षों बाद भी पूरा नहीं हुआ पंचायत भवन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत इरफ में 10 साल पूर्व डीएमएफ मद से 16 लाख रुपए में पंचायत भवन की स्वीकृति मिली थी जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी उसमें से 12 लाख रुपए का आहरण किया जा चुका है किंतु आज तक उक्त पंचायत भवन अधूरा पड़ा है। जिससे पंचायत प्रतिनिधियों को पुराने जर्जर भवन में बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य की स्वीकृति होती है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण है कि नहीं यह देखने की जिम्मेदारी जिस विभाग के अधिकारी की होती है वह मौके पर जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता कार्य पूरा हुआ कि नहीं यह देखने की जरूरत नहीं समझी जाती जिसके कारण आज भी कई पंचायत में निर्माण कार्य आधा अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आधा अधूरे पड़े निर्माण कार्य एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने की मांग की है क्षेत्र की ग्राम पंचायत में यह देखा जा रहा है कि ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा कार्य को ठेके में दे दिया जाता है। ठेकेदार कार्य आधा अधूरा छोड़कर चुप बैठ जाता है जिससे विकास कार्य का लाभ ग्रामीण एवं ग्रामीणों द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को नहीं मिल पाता है।

## रजत महोत्सव, आत्मनिर्भर कृषि, किसानों की मेहनत और योजनाओं का सफल संगम

# जिले में 1 लाख से अधिक हेक्टेयर में हो रही है विभिन्न फसलों की खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राज्य के गठन के बाद जिले ने कृषि उत्पादन, क्षेत्र विस्तार, बीज और उर्वरक वितरण के साथ-साथ तकनीकी नवाचार में भी निरंतर प्रगति दर्ज की है। 25 वर्षों की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ के किसान अब केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता के प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष 2000 में जिले में खरीफ फसलों का कुल क्षेत्र 1 लाख 33 हजार 880 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 1 लाख 37 हजार 66 हेक्टेयर हो गया है। वर्ष 2000 में खरीफ के अंतर्गत अनाज का क्षेत्रफल 2 हजार 96 हेक्टेयर था, जो अब 3 हजार 664 हेक्टेयर तक पहुँच गया है। दलहन फसलों का क्षेत्र भी 4 हजार 535 हेक्टेयर से बढ़कर 7 हजार 581 हेक्टेयर हुआ है, जबकि तिलहन फसलों का क्षेत्र 6 हजार 68 हेक्टेयर से बढ़कर 9 हजार 608 हेक्टेयर हो गया है। सब्जी एवं अन्य फसलों की बात करें तो यह विस्तार सबसे उल्लेखनीय रहा है वर्ष 2000 में 2 हजार 81 हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियाँ बोई जाती थीं, जो अब बढ़कर 19 हजार 515 हेक्टेयर हो गई हैं। यह आँकड़े बताते हैं कि जिले के किसान अब नकदी फसलों, सब्जी उत्पादन और विविध खेती की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़े हैं। खेती में उत्पादकता बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता को कोरबा कृषि विभाग ने प्राथमिकता दी। वर्ष 2000 में खरीफ सीजन में किसानों को 2,501.25 क्विंटल बीज वितरित किए गए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह आँकड़ा बढ़कर 39,404.34 क्विंटल हो गया है। इसी प्रकार रबी सीजन में वर्ष 2000 के 482.5 क्विंटल की तुलना में वर्ष 2025 में 01हजार 994.27 क्विंटल बीज किसानों को प्रदान किए गए हैं। कुल मिलाकर वर्ष 2000 में जहाँ 2 हजार 983.75 क्विंटल बीज वितरित किए गए थे, वहीं वर्ष 2025 में यह बढ़कर 41 हजार 398.61 क्विंटल तक पहुँच गया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है कि किसानों में गुणवत्तापूर्ण बीजों के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है और कृषि विभाग ने इस दिशा में सतत प्रयास किए हैं।

खेती की उत्पादकता को बढ़ाने में रासायनिक उर्वरकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। कोरबा जिले में उर्वरक वितरण में पिछले 25 वर्षों में लगभग चार गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 में खरीफ सीजन में 04 हजार 173 टन उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराए गए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह मात्रा बढ़कर 16 हजार 778.73 टन हो गई है। रबी सीजन में वर्ष 2000 के 479 टन की तुलना में अब 570.55 टन उर्वरक वितरित किए जा रहे हैं। इस प्रकार कुल उर्वरक वितरण वर्ष 2000 के 04हजार 652 टन से बढ़कर अब 17 हजार 349.28 टन हो गया है। यह आंकड़े न केवल कृषि में उर्वरक उपयोग की दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि यह भी बताते हैं कि कोरबा जिले के किसान अब वैज्ञानिक खेती की ओर अग्रसर हैं।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**क्रमांक/2159/अविअ/वाचक/2025**
**पोंडी उपरोड़ा दिनांक 17/10/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अनुराग अग्रवाल पिता कांता अग्रवाल निवासी लखनपुर तहसील पोंड़ी उपरोड़ा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कसनिया प.ह.न. 44 स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 21/2 शा.न. 31/2, 31/1/ड. रकबा क्रमशः 0.1290, 1.0120 हे. कुल रकबा 1.141 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 03/11/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः-पोंडी उपरोडा
दिनांकः- 17/10/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शराब-दुकानों में नौकरी के नाम पर ठगी की कोशिश



## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव में सांस्कृतिक दल कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुति

**कोरबा।** जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तक होने वाले तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जिले के सांस्कृतिक दल एवं कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके लिए जिले के सांस्कृतिक दलों एवं कलाकारों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए जिले के कलाकारो एवं सांस्कृतिक दलों से आवेदन मंगाए गए हैं। राज्योत्सव-2025 में जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देना चाहते हों वे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा में प्रविष्टि भर कर आवश्यक दस्तावेजे सीडी, पेनड्राइव गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक (यूट्यूब लिंक इत्यादि) सहित 31 अक्टूबर को शाम 04 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क नंबर 7869096888 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के प्रतिभावान युवा, विद्यार्थी तथा अन्य लोग जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है उनका राज्योत्सव कार्यक्रम में सम्मान किया जायेगा। वे अपनी जानकारी जिला पंचायत कार्यालय कोरबा के स्टेनों शाखा में तथा अधिक जानकारी के लिए 9589583878 में संपर्क कर सकते हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा में होगी हसदेव आरती

**कोरबा।** हिन्दू क्रांति सेना द्वारा कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर के दिन सर्वमंगला मंदिर घाट में देव दीपावली का आयोजन करते हुए हसदेव आरती की जाएगी। जिसकी तैयारियां सर्वमंगला मंदिर घाट में हिन्दू क्रांति सेना के द्वारा की जा रही है। आयोजन को लेकर रुप रेखा तैयार की गई जिसमें 11 हजार दीपों का प्रज्वलन, 51 सौ दीप दान, 51 लीटर दूध से अभिषेक, 51 मीटर चुनरी भेंट, बनारस के पुरोहितों के द्वारा महाआरती, भजन संध्या, के साथ भव्य झांकी व आतिशबाजी के साथ डमरुवादन दल के द्वारा अपनी प्रस्तुती दी जाएगी। शाम 5 बजे से गोधूली बेला के साथ हसदेव आरती का कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 नवंबर को

**कोरबा।** जय बजरंग बुनकर सेवा सहकारी समिति उमरेली के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 नवंबर को किया जायेगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जय बजरंग बुनकर सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरेली पंजीयन क्रमांक 337 से प्राप्त जानकारी अनुसार समिति के सदस्यता सूची का प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया गया है। जिसमें सदस्यों से दावा आपत्ति 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति कार्यालय उमरेली में प्राप्त करने हेतु सदस्य संतोष देवांगन को अधिकृत किया गया है। इसी तरह अराधना भू-स्थापित कामगार एवं कारीगर सहकारी समिति चारपारा के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 2 नवंबर को होगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अराधना भू-स्थापित कामगार कारीगर सहकारी समिति मर्यादित चारपारा (कोहड़िया) पंजीयन क्रमांक 160 से प्राप्त जानकारी अनुसार समिति के सदस्यता सूची का प्रकाशन 23 अक्टूबर को किया गया है । जिसमें सदस्यों से दावा आपत्ति 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक समिति कार्यालय चारपारा कोहड़िया में प्राप्त करने हेतु सदस्य मोहनलाल को अधिकृत किया गया है। दावा आपत्तियों का निराकरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 2 नवंबर को किया जाएगा।

# परीक्षा परिणाम घोषित होने के पांच माह बाद शुरु होगी पूरक परीक्षा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अटल बिहारी विश्वविद्यालय की स्नातक व स्नातकोत्तर की परीक्षाओं के परिणाम जून माह में घोषित होने के बाद पूरक आये परीक्षार्थियों को अपनी पूरक परीक्षा के लिए पांच माह तक इंतजार करना पड़ा। नवंबर माह में विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा पूरक परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया गया। जिसका परिणाम दिसंबर माह में घोषित होगा।

विश्वविद्यालयीन स्नातक व स्नातकोत्तर की परीक्षाओं के परिणाम को लेकर हो रही लेट लतीफी से छात्र परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जून महीने से परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई थी जो अगस्त माह तक जारी रही। इस दौरान पूरक आये परीक्षार्थियों की परीक्षाओं को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा तिथि घोषित नहीं किए जाने के कारण छात्र असमंजस में रहे। इसी तरह पुर्नमूल्यांकन के परीक्षा परिणाम भी अक्टूबर में घोषित किया गया। इस तरह पुर्नमूल्यांकन के परिणाम भी देरी से घोषित किये जाने के बाद भी अधिकांश छात्र नियमित छात्र के रुप में कॉलेज में प्रवेश नहीं ले सके थे। पुर्नमूल्यांकन परीक्षा परिणाम में जिन परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है उन्हें 4 नवंबर से शुरु हो रही पूरक परीक्षा में उपस्थित होना पड़ेगा। जो 11 नवंबर तक होगी। बीते कुछ वर्षों से विश्वविद्यालय प्रबंधन की लेट लतीफी के कारण छात्रों को मुख्य परीक्षा के परिणाम तथा पूरक परीक्षा की समय सारणी को लेकर लंबा इंतजार करने के साथ ही उनके सामने प्रवेश को लेकर भी समस्या सामने आती है।

## महाविद्यालयीन छात्रों को करना पड़ा लंबा इंतजार

**खास बातें**

- एक सप्ताह में पूरी हो जाएगी स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं की परीक्षाएं
- 4 से 11 नवंबर के बीच होगी परीक्षा



### नहीं आ रहे छात्र संगठन सामने

महाविद्यालयीन छात्रों की समस्या को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन को उसकी गलत नितियों को लेकर छात्र संगठनों के द्वारा जिस तरह का प्रदर्शन पूर्व में किया जाता था। वैसा अब सामने नहीं आ रहा है। महाविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव बंद होने के कारण छात्रों की समस्या को लेकर छात्र संगठन भी सामने नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि वर्ष प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा परीक्षा परिणाम के घोषणा को लेकर लगातार देरी की जा रही है। जिसका सामना छात्रों को करना पड़ रहा है।

## पुलिस लाइन में जिला दण्डाधिकारी ने समिति की उपस्थिति में की कार्रवाई

# 2192 प्रकरणों में जब्त 21 हजार लीटर शराब पर चलाया गया बुलडोजर



जब्त शराब की खेप में चलता बुलडोजर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के विभिन्न थाना चौकी पुलिस द्वारा अवैध शराब के प्रकरणों के मामले दर्ज किए गए थे। जिसमें पुलिस ने शराब को जप्त कर मालखाने में रखा हुआ था। न्यायालय से निराकृत 2191 प्रकरणों में जप्त 21 हजार 337 लीटर को पुलिस लाइन में विधिवत नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। जहां बड़े पैमाने पर जप्त किए गए देसी विदेशी मदिरा के ऊपर पुलिस की बुलडोजर चली और मौके पर उसे नस्टीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान जिले के सभी पुलिस के अफसर व प्रशासनिक अफसर उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन में शुक्रवार को जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज न्यायालय से निराकृत 2192 प्रकरणों में जप्त लगभग 21 हजार 372 लीटर मदिरा का विधिवत नष्टीकरण किया गया। इन प्रकरणों में जब्त की गई मदिरा में 16 हजार 414 लीटर महुआ शराब 3 हजार 415 लीटर देशी शराब एवं 1 हजार 543 लीटर अंग्रेजी शराब 236 बियर कीमत करीबन 38 लाख 24 हजार रुपए का सम्मिलित है। सबसे अधिक 554 प्रकरण थाना पाली, 261 प्रकरण थाना कटघोरा तथा 225 हरदीबाजार से संबंधित हैं, शेष प्रकरण जिले के अन्य थानों से प्राप्त हुए हैं। यह कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त प्रमाण-पत्र के आधार पर, यह नष्टीकरण पूरी पारदर्शिता एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कोरबा जिले में पुलिस द्वारा जून व अगस्त 2025 मे जप्त शराब करीबन 11 हजार 715 लीटर महुआ देशी व विदेशी शराब 852 लावारिस वाहनों की नीलामी एवं 652 विसरा प्रकरणों का भी विधिवत नष्टीकरण किया जा चुका है। इस प्रकार की कार्रवाई से थानों में वर्षों से संग्रहित अनुपयोगी जप्त मदिरा के व्यवस्थित निपटान में सहायता मिली है। यह न केवल कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करती है, बल्कि थाना परिसरों में स्वच्छता, स्थान की उपलब्धता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे कार्यरत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनता है। जिला पुलिस द्वारा थानों को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं उत्तरदायी बनाए रखने की दिशा में इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर रूप से की जाती रहेगी।

### वर्षों से मालखानें में रखी थी शराब

जिला पुलिस द्वारा अफसर अवैध शराब बेचने वाले, पीने पिलाने वालों के खिलाफ विशेष मुहीम चलती है और ऐसे लोगों को खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई भी करती है। पुलिस द्वारा मौके से जप्त की गई देसी विदेशी शराबों को में आकर अधिनियम के तहत कार्यवाही करती है और मौके से जप्त की गई। शराब को मालखाने में सुरक्षित रखा जाता है। वर्षो से मलखाने में डंप पड़ा देसी विदेशी शराब की वजह से मालखाने का बोझ लगातार बढ़ता ही जा रहा था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी लगातार मलखाने में पड़े शराब को नस्टीकरण करने की दिशा पर प्रयास कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनो के दौरान जिला पुलिस ने बड़े पैमाने पर हजारों लीटर डंप पड़े शराब को नस्टीकरण की कार्रवाई की है। जिससे अब मलखाना का लोड भी कम होने लगा है और मलखाना अधिकारी भी राहत की सांस ले रहे हैं।

# खनिज इंस्पेक्टर व लेखापाल के घर लाखों की चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दीपोत्सव में अपने गृहग्राम गए खनिज अधिकारी व सहायक लेखापाल के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- दीपोत्सव में दोनों परिवार गए हुए थे अपने गृहग्राम

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत डिंगापुर निवासी माइनिंग इंस्पेक्टर खिलावन कुलार्य, उम्र 37 वर्ष पिता पुनीतराम कुलार्य ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूलतः गृहग्राम जुनवानी, थाना डौंडीलोरा जिला बालोद का रहने वाला है। खिलावन अपने परिवार के साथ डिंगापुर में किराये के मकान में रहता है। 19 अक्टूबर को खिलावन दोपहर के समय अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित अपने गृहग्राम दीपावली त्यौहार एवं धार्मिक अनुष्ठान के लिए चला गया था। 21 अक्टूबर की शाम को उसके परिचित के स्टाफ से जानकारी मिली कि उसके मकान के दरवाजा के ताला को तोड़कर किसी अज्ञात चोर घर के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे इस्तेमाली पुराना जेवर सोने का हार, सोने का मंगल सूत्र 3 नग, 1 सोने की अंगूठी व 2 नग चांदी की अंगुठी, 1 जोड़ी चांदी का पायल व बच्चों का कंगन व नगद रकम 50 हजार रुपए सहित लाखों का माल पार कर दिया है। खिलावन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है। इसी तरह सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत जेएनजी -01 न्यू राजस्व कॉलोनी रामपुर निवासी राकेश कुमार पाण्डेंय उम्र 45 वर्ष पिता भागवत प्रसाद पाण्डेय कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा में सहायक लेखापाल के पद पर कार्यरत है। 19 अक्टूबर को वह दीपावली त्यौहार मनाने ग्राम भिलाईबाजार कुसमुण्डा चले गया था। 22 अक्टूबर की शाम लगभग 7 बजे घर वापस आया तो अंदर जाकर देखा तो पीछे का दरवाजा का कुण्डी को तोड कर अंदर जाकर आलमारी एवं दीवान में रखे कपडा एवं सलोरा कंपनी का टीव्ही एवं नगदी रकम 25 हजार रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। राकेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

# लाठी चार्ज करने वाले सीआईएसएफ जवानों पर हो कार्रवाई: सीपीआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा, सहसचिव अनूप सिंह, सहसचिव धर्मा राव, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बयान जारी करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में गेवरा क्षेत्र से प्रभावित गांवों के भूविस्थापित रोजगार, बसावट, मुआवजा की मांगों के सकारात्मक समाधान के लिए एसईसीएल के गेवरा खदान में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और सीआईएसएफ बल उपस्थित था प्रदर्शन शांति पूर्ण चल रहा था और एसईसीएल के अधिकारी वार्ता के लिए बुला रहे थे।

- एसईसीएल गेवरा खदान में भूविस्थापितों पर लाठी चार्ज का मामला

इसी बीच सीआईएसएफ के अधिकारी ने भूविस्थापितों के साथ गाली गलोच किया और सीआईएसएफ बल को लाठीचार्ज का आदेश दिया जिसके बाद भूविस्थापितों पर अंधादून लाठीचार्ज हुआ। जिसमें जिला सचिव दीपक साहू, रमेश दास, बिमल दास, गुलाब को गंभीर चोट आई है। सीपीआई के पदाधिकारीयों ने एक स्वर में कहा कि एसईसीएल गेवरा प्रबंधन भूविस्थापितों की मांग पूर्ण करने के बजाय तानाशाही रवैया अपनाते हुए शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान लाठी चार्ज किया है। जिसकी सीपीआई सख्त निंदा करती है और शासन प्रशासन से यह मांग करती है कि सीआईएसएफ पर अपराध दर्ज किया जाए। सीपीआई भूविस्थापितों के नियमित रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा, बुनियादी सुविधाएं को लेकर शांतिपूर्ण हो रहे आंदोलन का सक्रिय समर्थन करती है।

# सहकारी समिति प्रबंधकों ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सात सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी सेवा समिति के प्रबंधकों ने शुक्रवार को शहर में रैली निकालकर धरना देते हुए प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और इसके साथ ही प्रदेश में आदिवासी सेवा सहकारी समिति के चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत हो गई।

राज्य सरकार के समर्थन मूल्य में धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से होने जा रही है। उसके पूर्व सहकारी सेवा प्रबंधकों ने सरकार की धान खरीदी नीति और उसके दिशा निर्देशों को लेकर सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में मोर्चा खोल दिया है। जिसके चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत 24 अक्टूबर से शुरु हो गई है। छग सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बैनरतले शुरु चरणबद्ध आंदोलन के तहत पहले चरण में सभी जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना ⏭ शेष पेज 2 पर

### ये है मांग

- सहकारी समितियों में आउट सोर्सिंग से डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती बंद कर नियमितिकरण किया जाए।
- प्रदेश के सहकारी समिति के कर्मचारियों को वेतनमान देने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रत्येक समिति को 3-3 लाख रुपए की प्रबंधकीय अनुदान।
- धान खरीदी वर्ष 2023-24, 2024-25 में हुई सूखद मान्य कर उसकी राशि समितियों को दी जाए। प्रदेश सरकार की भांति पीडीएस दुकानदारों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए ।
- पांडेय कमेटी की रिपोर्ट के तहत संस्था के दैनिक/संविदा कर्मचारियों को समिति की सीधी भर्ती में प्राथमिकता/बोनस अंक अनिवार्य किया जाए।

## हाथी फसल कर रहे चौपट, ग्रामीण कर रहे रतजगा

# कोरबा व कटघोरा वनमंडल में 100 से अधिक हाथियों की धमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल से 59 हाथियों का झुंड कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में आ धमका है जो एक ही रेंज में लगातार विचरण कर ग्रामीणों की खड़ी फसलों को चौपट कर रहा है। जिससे ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। हाथियों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से व पेट्रोलिंग टीम के माध्यम से निगरानी कर रही है। साथ ही जान माल का नुकसान ना हो इसके लिए गांव में मुनादी करने में जुटी हुई है।



धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज से 10 नए हाथी यहां पहुंचने के बाद अब कुल संख्या 59 हो गई है। इन झुंडों ने अब तक दर्जनों किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण रात-दिन हाथियों को भगाने और फसल बचाने में जुटे हुए हैं। वन विभाग के अनुसार, करतला रेंज में इस समय सबसे ज्यादा 59 हाथी हैं जिनमें नवापारा में 20, कोटमेर में 31 और चोरभट्टी में एक दंतैल शामिल है। वहीं कुदमुरा रेंज में एक दंतैल अकेले घूम रहा है। कोरबा वन मंडल का कुदमुरा रेंज धरमजयगढ़ वनमंडल से सटा हुआ है। मांड नदी पार करते ही छाल रेंज शुरू होता है। हाथियों को जब एक इलाके से खदेड़ा जाता है, तो वे मांड नदी पार कर कुदमुरा होते हुए करतला रेंज आ जाते हैं। एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथियों की निगरानी के लिए अलग अलग टीम गठित की गई है और ड्रोन कैमरे के माध्यम से हाथियों की विशेष निगरानी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल में भी 54 हाथियों का अलग-अलग झुंड सक्रिय है। बताया जाता है कि 24 हाथी केंदई रेंज में तो 31 हाथी एतमानगर रेंज में विचरण कर रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की लोकेशन पर नजर रख रही है। ड्रोन कैमरों के जरिए उनकी गतिविधियों की निगरानी की जा रही है और उनके मूवमेंट के आधार पर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। हाथियों की मौजूदगी वाले इलाकों में वनकर्मी लगातार तैनात हैं।

# राज्य उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में आज जिला प्रशासन द्वारा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम कोरबा में जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2 से 4 नवम्बर तक होने वाली तीन दिवसीय सांस्कृतिक संध्या के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिया गया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और लोककला को विशेष रूप से शामिल किया जाए। स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाए ताकि जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की स्टॉल, फूड जोन और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव रखा गया। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित करने, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला और मेला लगाने, आकर्षक स्टॉल स्थापित करने तथा पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा हुई। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि राज्य उत्सव के दौरान नागरिकों को एक मनमोहक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव मिल सके।

## खबर संक्षेप

### खगेश होंगे कोरबा जनपद के नए सीईओ



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा शासकीय कार्यों में कसावट लाने एक आदेश जारी कर कोरबा जनपद में सीईओ की पदस्थाना की गई है। जारी आदेश के अनुसार खगेश कुमार निर्मलकर विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत कटघोरा को तत्काल प्रभाव से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा के पद पर आगामी आदेश पर्यंत कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश जारी होने के साथ ही खगेश कुमार निर्मल ने कोरबा जनपद पंचायत पहुंचकर पदभार भी ग्रहण कर लिये हैं।

### कटघोरा में अखबार वितरक संघ ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



**कटघोरा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ कटघोरा इकाई द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं वनभोज कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी सभी अखबार वितरक एकत्र हुए और पारिवारिक माहौल में कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में संघ के कटघोरा इकाई अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल तथा जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर अखबार वितरकों की प्रमुख समस्याओं भवन निर्माण, श्रम कार्ड तथा दुर्घटना बीमा योजना जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ के उपाध्यक्ष विजय दास, संरक्षक रोशन दास, अरविंद साहू, अब्बास अली, मीना, राजू, प्रिंस, बाबी, दुर्गा, लालू पटेल, भूरा दास, दीपक एवं जोहित सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बॉक्सिंग में हर्ष का चयन



**बालको।** 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बॉक्सिंग बालक/बालिका 17 वर्ष जिसका आयोजन ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित की गई है। जिसमें राज्य से 6 बॉक्सर्स का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसमें कोरबा जिले से बालक वर्ग 17 वर्ष हर्ष यादव 50 किग्रा वजन वर्ग में हुआ जो कि बाल विहार हायर सेकंडरी स्कूल का छात्र है एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी निहारिका में अभ्यास करते हैं। उनके कोच अजीत शर्मा हैं।

### अंधकार से प्रकाश, अज्ञानता से ज्ञान की और जाने का पर्व है दीपावली : रवि चंद्रान

**गेवरा दीपका।** अन्याय, अत्याचार अधर्म व असुरी शक्ति के विरुद्ध लंबी लड़ाई के बाद सत्य वह धर्म विजयी हुआ था अधर्म के पराजय वह सत्य की विजय पश्चात राम राज्य की स्थापना का पर्व है दीपावली। यह अंधकार से प्रकाश अज्ञानता से ज्ञान, पाप से पुण्य की ओर जाने का संकल्प लेने का पर्व है। उक्त उद्गार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड गेवरा क्षेत्र सिविल के महाप्रबंधक रवि चन्द्रन का है वह पुराने फिल्टर प्लांट में आयोजित श्रमिकों के दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा कि फिल्टर चलाना और व्यवस्थित पानी सप्लाई देना अनुशासन वह चुनौती भरा कार्य है जिसके लिए आप लोग बधाई के पात्र हैं इसके पूर्व माँ लक्ष्मी भगवान गणेश वह माता सरस्वती की प्रतिमा में अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन पश्चात श्रमिकों द्वारा आतिशबाजी का आनंद उठाया गया। अतिथि के रूप में उपस्थित नगर प्रशासन सिविल विभाग के प्रभारी आर एल कोशिरैया, एसओई विजय अग्रवाल द्वारा भी श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया गया। इस दौरान दिनेश दुबे, सुखदेव प्रसाद किरण, शिव शंकर यादव, मधुर सिंह आदि श्रमिकों का प्रमुख योगदान रहा।

### एसईसीएल रजगामार की 6 व 7 नंबर खदान में पहुंची कंटीन्यूअस माइनर मशीन

# रजगामार भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन से होगा कोयला उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसे लेकर भूमिगत खदानों में कंटीन्यूअस माइनर मशीन उतारे जा रहे हैं। इस कड़ी में राजेश कुमार गुप्ता क्षेत्रीय महाप्रबंधक के द्वारा कंटीन्यूअस माइनर मशीन को हरी झंडी दिखाकर रजगामार उपक्षेत्र की 6 व 7 नंबर खदान में कोयला उत्पादन के लिए रवाना किया गया। आने वाले दिनों में रजगामार के भूमिगत खदानों से कंटीन्यूअस माइनर मशीन के जरिए कोयला उत्खनन होगा। जिससे मेन पॉवर में कमी आएगी। साथ ही प्रदूषण भी कम होगा और कोयला उत्पादन में भी तेजी आएगी।

भूमिगत खदानों में कोयला उत्पादन को लेकर कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल नये प्रयोग के साथ आगे बढ़ रही है। भूमिगत कोयला खनन से पर्यावरण को अधिक नुकसान नहीं होता है। कंटीन्यूअस माइनर मशीन के इस्तेमाल से 24 घंटे में अधिकतम 1000 टन कोयला बाहर निकाला जा सकता है। इसके लिए एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के रजगामार भूमिगत कोयला खदान को चिन्हिंत किया गया है। कंटीन्यूअस माइनर मशीन को खदान में उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रजगामार के साथ साथ सिंघाली खदान में भी कंटीन्यूअस माइनर मशीन से कोयला उत्खनन की योजना है। बीते वर्ष 10 जनवरी को कंपनी ने विश्रामपुर एरिया के अधिन केतकी खदान से एमओडी (माइन डेवलपर्स एंड ऑपरेटर) कोयला खनन शुरू किया गया है। यह कोल इंडिया की पहली मोओडी माइन है। आने वाले दिनों में रजगामार, सिंघाली सहित अन्य भूमिगत कोयला खदानों में खनन के लिए नई तकनीकी इस्तेमाल किया जाएगा। उल्लेखनीय है रजगामार, सिंघाली खदान भी घाटे में चल रही है। यहां मेन पॉवर अधिक है और कोयला खनन कम है। वर्तमान में भूमिगत खदान में कोयला खनन के लिए ब्लॉस्टिंग किया जाता है इसके लिए बारूद और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया जाता है। ब्लॉस्टिंग कर तोड़े गए कोयले को साइड डिस्चार्ज मशीन (एसडीएल) या लोड हाल डंप (एलएसडी) के जरिए फेस से उठाकर कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से खदान से बाहर कोयला निकाला जाता है। कंटीन्यूअस माइनर मशीन के इस्तेमाल से अंडर ग्राउंड खदानों में ब्लॉस्टिंग बंद हो जाती है। कंटीन्यूअस माइनर मशीन फेस पर पहुंचकर कोयले को काटेगी और इसे एकत्र कर कन्वेयर बेल्ट पर डाल देगी। कटिंग के दौरान मशीन पानी का इस्तेमाल करेगी और फेस को हमेशा गीला रखेगी। इससे खदान में कोयला डस्ट की समस्या कम होगी और कोयला उत्पादन में तेजी आएगी।



कंटीन्यूअस माइनर मशीन का शुभारंभ करते महाप्रबंधक एवं अन्य।



#### कोरबा जीएम ने उत्पादन लक्ष्य हासिल करने किया प्रोत्साहित

कंटीन्यूअस माइनर मशीन की रवानगी के दौरान उग्रनाथ झा महाप्रबधक (संचालन), थिरुकुमारन स्टाफ अधिकारी, पिनाकी शाह, प्रोजेक्ट मैनेजर गैनवेल कंपनी, अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में मशीनों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात महाप्रबंधक के द्वारा सभी को कोरबा क्षेत्र के द्वारा कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने प्रोत्साहित किया गया। कंटीन्यूअस माइनर मशीन के द्वारा कोयला ऑटोमैटिक कटिंग होकर कनवेयर बेल्ट के माध्यम से भूमिगत खदान से बाहर होगा। इस मशीन से उत्पादन सुरक्षा के साथ मैनपावर भी कम लगेगा। 6 व 7 खदान के खान प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा, जे महिलांगे खान प्रबंधक 4 व 5 खदान, इमरान आलम खान अभियंता, बालाराम चौहान (सर्वेक्षण अधिकारी), एसएस कुमार वरिष्ठ प्रबंधक (खनन), राजीव यादव, खान सुरक्षा अधिकारी 4 व 5 खदान, विनोद कुमार खान सुरक्षा अधिकारी 6 व 7 खदान, अजय सिंह चौहान प्रबंधक (मां.सं), दिनेश सिंह प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शराब-दुकानों में नौकरी के नाम पर ठगी की कोशिश



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बेरोजगार युवाओं को शराब दुकानों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले सक्रिय हो गए हैं। व्हाट्सएप और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए यह ठग नौकरी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। रकम जमा करने के 24 घंटे के भीतर ज्वाइनिंग का आश्वासन दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक एक युवक कुछ बेरोजगार लोगों को झांसा देकर अपने साथ मिला रहा है। जब कोई बेरोजगार उसे कॉल करता है, तो वह नौकरी देने के बदले पैसों की बात करता है। सौदा तय होने के बाद वह कहता है कि रकम जमा करने के 24 घंटे के अंदर मनचाही शराब दुकान में नौकरी मिल जाएगी। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक युवक शराब दुकान में नौकरी के लिए संपर्क किया। ठग ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र दिया, जिसमें युवक को टीपी नगर की विदेशी मदिरा दुकान में सेल्समैन बनाया गया बताया गया। यह आदेश दीपावली के अगले दिन जारी हुआ है। जब वह कन्फर्म करने जिला आबकारी कार्यालय पहुंचा था। उसे बताया कि विभाग की ओर से कोई आदेश या नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि विभाग की जानकारी के बिना किसी दुकान में कर्मचारी की नियुक्ति संभव नहीं है। यह भी बताया कि कुछ मामलों में दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर नियुक्ति पाने वालों को पहचान कर नौकरी से निकाल दिया गया है। विभाग के सहायक आयुक्त आशा सिंह ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति शराब दुकान में नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर पैसे मांगता है, तो तुरंत विभागीय कार्यालय से संपर्क करें। नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले ऐसे तत्वों से सावधान रहें और किसी भी परिस्थिति में पैसे न दें।

#### जिले में 37 देसी और विदेशी दुकानें

जिले में वर्तमान में 37 देसी और विदेशी मदिरा दुकानें संचालित हैं, जिनका संचालन ऑल सर्विस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड नामक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। एजेंसी ने सभी दुकानों में सुपरवाइजर, सेल्समैन और मल्टीपर्पज कर्मचारी नियुक्त कर दिए हैं। वर्तमान में किसी भी दुकान में किसी पद पर वैकेंसी नहीं है।

# दीपका प्रबंधन के खिलाफ भड़का जन आक्रोश, निकाली जनजागरण रैली



जनजागरण रैली में शामिल पूर्व विधायक एवं क्षेत्रवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन की तानाशाही और जिला प्रशासन द्वारा जबरन मकानों की नापी सर्वे कराने के विरोध में हरदीबाजार में जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्राम पंचायत हरदीबाजार के ग्रामीणों ने शुक्रवार दोपहर 2 बजे कालेज चौक से विशाल जनजागरण रैली निकालकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

जनजागरण रैली कालेज चौक से होते हुए पुराना दीपका रोड, शांतिनगर, शिक्षक नगर, उतरदा रोड, गांधी नगर, मेन रोड, बस स्टैंड और अस्पताल मोहल्ले तक निकाली गई। पूरे रास्ते ग्रामीणों ने एसईसीएल होश में आओ, जबरन नापी सर्वे बंद करो, अधिकार दो, अन्याय रोको जैसे गगनभेदी नारे लगाए। ग्रामवासियों ने कहा कि हम अपने अधिकारों से समझौता नहीं करेंगे। जब तक हमारी सभी मांगों पर लिखित सहमति नहीं मिलती, तब तक कोई सर्वे नहीं होने देंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन और जिला प्रशासन बिना सहमति और सूचना के जबरन मकानों की नापी कर रहे हैं। 26 अगस्त 2024 को हुआ ड्रोन सर्वे भी पूरी तरह अमान्य बताते हुए लोगों ने इसे निजता का हनन करार दिया। बसाहट स्थल उतरदा जयंती नगर की बजाय बाईपास के समीप उचित स्थान पर दी जाए। 2004 से 2010 के बीच जन्में बच्चों को नौकरी की पात्रता सूची में शामिल किया जाए। पत्रक 5-6 का शीघ्र मिलान कर सत्यापित प्रति दी जाए। 2004-2010 अधिग्रहण में नौकरी, मुआवजा, बसाहट आदि के संपूर्ण लाभ पहले दिए जाएं, तभी 2022 अधिग्रहण लागू किया जाए। राज्य सरकार द्वारा रजिस्टर्ड जमीनों के मकानों को 100 प्रतिशत मुआवजा व सोलशियम सहित भुगतान किया जाए। ड्रोन सर्वे बंद किया जाए और बिना सहमति कोई भी नापी-सर्वे न हो। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक एसईसीएल प्रबंधन का कोई भी सर्वे कार्य नहीं होने दिया जाएगा। रैली के दौरान एसईसीएल दीपका प्रबंधन के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की गई और लोगों ने चेतावनी दी अगर हमारी बात नहीं सुनी गई, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र होगा। इस जनजागरण रैली में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन, उपसरपंच रेखा जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री अजय दुबे, पूर्व सरपंच युवराज सिंह कंवर, राजेश जायसवाल, राजेन्द्र जगत, संसद प्रतिनिधि दिलीप राठौर, विरेंद्र राठौर, संतोष श्रीवास, मनमोहन खांडे, ममता ओग्रे, राजाराम राठौर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिना डीएलसी जमा किए सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को नहीं मिलेगी पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों से सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों को अब नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) देना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में कोयला मंत्रालय की ओर से हाल ही में दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

इधर कोल पेंशनर्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोल माइंस प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) की ओर से भी विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। अब किसी भी पेंशनभोगी को डीएलसी जमा किए बिना पेंशन का भुगतान नहीं किया जाएगा। जारी निर्देशों के अनुसार सभी पेंशनभोगियों को अपनी पहचान और जीवित होने की स्थिति की डिजिटल पुष्टि करनी होगी। यह कदम पेंशन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तकनीकी और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। पेंशनभोगी कल्याण विभाग की ओर से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 की शुरुआत की गई है। इस अभियान में सीएमपीएफओ व अन्य संस्थानों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भी भागीदारी रहेगी। इसमें 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनभोगियों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। वे अपना जीवन प्रमाण पत्र एक से 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे, जबकि अन्य सभी लाभार्थियों के लिए यह अवधि एक से 30 नवंबर 2025 निर्धारित की गयी है। जानकारी के अनुसार अंशदायी सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा योजना के अधिकारी और गैर-अधिकारी दोनों श्रेणियों के लाभार्थियों को भी वर्ष 2025 के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से देना होगा। इसके लिए जीवन प्रमाण ऐप और अतिरिक्त जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

#### एसईसीएल के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित होंगे शिविर

डीएलसी 4.0 अभियान के अंतर्गत एसईसीएल मुख्यालय कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में डीएलसी बनाने विशेष शिविर का आयोजन होगा। इसके तहत 3 व 4 नवंबर को सीडब्ल्यूएस कोरबा,कोरबा क्षेत्र में डीएलसी शिविर होगा। 6 व 7 नवंबर को रायगढ़ क्षेत्र, 10 व 12 नवंबर को गेवरा, दीपका,कुसमुंडा, सीडब्ल्यूएस गेवरा क्षेत्र, 13 और 14 नवंबर को जमुना-कोतमा क्षेत्र, 17 व 19 नवंबर को चिरमिरी क्षेत्र, 20 व 21 नवंबर को बैकुंठपुर, 24 नवंबर को सीएमपीडीआई-5 और 25 व 28 नवंबर को आवश्यकता अनुसार अन्य क्षेत्रों में शिविर होगा।

### सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से नवाजे गए एकलव्य आदर्श विद्यालय छुरी के प्राचार्य



**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरी कला के प्राचार्य डॉ.असद को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय के अंतर्गत नेक्स्ट नामक संस्था ने सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से नवाजा एवं उनके द्वारा कोरबा में किए गए कार्य को सराहा गया। विद्यालय में उपस्थित एनसीसी अधिकारी आकाश पांडेय ने बताया कि विद्यालय में गर्व एवं उल्लास का माहौल है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरी कला डॉ.असद अहमद के नेतृत्व में विकास के लिए सतत प्रयासरत है यह जिले का सौभाग्य है की डॉ.असद जैसे प्रतिभावान प्राचार्य यहां कार्यरत हैं श्री पांडे ने बताया की डॉ असद इससे पहले भी सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जा चुके हैं। प्रदेश के ईएमआरएस छुरीकला के प्राचार्य डॉ.असद अहमद को ईएमआरएस के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में 2024-25 के लिए राष्ट्रीय मान्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### 27 अक्टूबर को दिया जाएगा डूबते सूरज को पहला अर्घ्य

# आज नहाय-खाय के साथ शुरु होगा सूर्य उपासना का पर्व छठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चार दिन तक चलने वाला सूर्य उपासना का पर्व छठ की शुरुआत शनिवार को नहाए खाए के साथ शुरु होगी। इस दिन व्रत को लेकर बनाए जाने वाले प्रसाद के साथ नदी और सरोवर में स्नान करने के बाद व्रत रखने वाली महिलाएं अपने आप को व्रत के लिए करेंगी। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित छठ घाट में तैयारी पूरी कर ली गई है। रविवार को पर्व का दूसरा चरण खरना मनाया जाएगा और उसके बाद से शुरु होगा 36 घंटे का निर्जला व्रत।



शनिवार से चार दिनों तक चलने वाले सूर्य उपासना का महापर्व शुरू हो गया है। यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष को की चतुर्दशी से शुरू होकर सप्तमी तिथि तक चलता है। कार्तिक माह में मनाया जाने वाले छठ का अपना विशेष महत्व है। कार्तिक के छठ पूजा को लेकर व्रतियों की संख्या ज्यादा रहती है। शनिवार को कार्तिक माह की चतुर्थी तिथि पड़ रही है। इसी दिन व्रती नदी और सरोवर में स्नान कर अपने शरीर को शुद्ध करेंगे और व्रत के लिए खुद को तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया को नहाए खाए के नाम से जाना जाता है। इसके साथ ही 36 घंटे तक निर्जला व्रत की शुरुआत होगी। जिले में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के लोग निवास करते हैं। इस पर्व से उनका विशेष लगाव है ऊर्जाधानी में रहने वाले पूर्वांचल के लोग व्रत की तैयारी को लेकर जुटे हुए हैं। व्रती और उनके परिवार ने शुक्रवार को पूजा के लिए जरूरी सामानों की खरीदारी शुरु की जो अर्घ्य के पहले दिन तक जारी रहेगा। कोरबा में पूर्वांचल लोगों के साथ ही यहां निवासरत अन्य समाज के लोग भी छठ पर्व को देखने और जानने के लिए छठ घाटों में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

#### इन क्षेत्रों में स्थित है छठ घाट

शहर के साथ उपनगरीय क्षेत्रों में कई ऐसे बड़े स्थान है जहां नगर निगम के द्वारा छठ घाट का निर्माण किया गया है। इनमें आईटीआई बालको मार्ग का ढेंगुरनाला छठघाट बड़े छठ घाट के रुप में पहचाना जाता है। व्रतधारियों की बढ़ती संख्या के कारण पिछले कुछ वर्षों से नाले के दोनों ओर व्रतधारियों की भीड़ नजर आती है। इसके अलावा बालको का राम मंदिर छठ घाट सबसे लंबा घाट बताया जाता है। लगभग सौ मीटर लंबे छठ घाट का निर्माण नगर निगम के सहयोग से हुआ है। इन दो बड़े छठ घाटों के अलावा दर्री सर्वेश्वर मंदिर, भवानी मंदिर छठ घाट के साथ गेवरा दीपका में भी बड़ी संख्या में पूर्वांचल वासियों की आबादी होने के कारण बड़ी संख्या में छठ पर्व मनाने एकजुट होते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411